पंजीकरण संख्या–यू0ए0 / डी0ओ0 / डी0डी0एन0 / 30 / 2015–17

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–18] रुड़की, शनिवार, दिनांक 23 दिसम्बर, 2017 ई0 (पौष 02, 1939 शक सम्वत्) [संख्या–51

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
		रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	–	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान-नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	863–870	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य-विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	753–840	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	–	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़-पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	–	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	–	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	–	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	–	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	169	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़-पत्र आदि ...	–	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा अनुभाग

संशोधन/विज्ञप्ति

24 अक्टूबर, 2017 ई0

संख्या 1910/XLI-1/17–104/14 टी0सी0IV–प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवक्ता भौतिकी के रिक्त पदों पर उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की संस्तुति के फलस्वरूप निदेशक, प्राविधिक शिक्षा के पत्रांक 828/नि0प्रा0शि0/नियु0काउ0/2017–18, दिनांक 22–08–2017 के क्रम में विज्ञप्ति/नियुक्ति संख्या 1655/XLI-1/17-104/14 टीसी IV दिनांक 11–09–2017 द्वारा नियुक्ति/तैनाती दी गयी।

2. रिट याचिका संख्या 465/2017 सुप्रिया रावत बनाम राज्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 07–10–2017 के क्रम में विज्ञप्ति/नियुक्ति संख्या 1655/XLI-1/17-104/14 टीसी IV दिनांक 11–09–2017 में आंशिक संशोधन करते हुए याचीकर्ता को प्रवक्ता भौतिकी वेतनमान (रू 15600–39100, ग्रेड पे–5400) के पद पर दिनांक 29–05–2017 को आयोजित काउन्सिलिंग के आधार पर तालिका के कॉलम–3 के अनुसार उल्लिखित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में अनन्तिम रूप सें कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है:–

क्र0सं0	अभ्यर्थी का नाम/गृह जनपद	तैनाती स्थल
1	2	3
1.	सुश्री सुप्रिया रावत/टिहरी गढ़वाल	रा0पा0 बड़कोट, उत्तरकाशी

3. उक्त अनुमति रिट याचिका संख्या 465/2017 सुप्रिया रावत बनाम राज्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

4. सम्बन्धित प्रवक्ता को निर्देशित किया जाता है कि वह इस विज्ञप्ति पत्र जारी होने की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी योगदान आख्या सम्बन्धित संस्थान में उपलब्ध कराते हुए प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, श्रीनगर एवं शासन को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

5. शेष शर्तें एवं प्रतिबन्ध विज्ञप्ति/नियुक्ति संख्या 1655/XLI-1/17-104/14 टीसी IV दिनांक 11–09–2017 के अनुसार यथावत् बने रहेंगे।

संशोधन/विज्ञप्ति

02 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 1924/XLI-1/17–104/14 टी0सी0IV–प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवक्ता भौतिकी के रिक्त पदों पर उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की संस्तुति के फलस्वरूप निदेशक, प्राविधिक शिक्षा के पत्रांक 828/नि0प्रा0शि0/नियु0काउ0/2017–18, दिनांक 22–08–2017 के क्रम में विज्ञप्ति/नियुक्ति संख्या 1655/XLI-1/17-104/14 टीसी IV दिनांक 11–09–2017 द्वारा नियुक्ति/तैनाती की गयी।

2. रिट याचिका संख्या 484/2017 किशोर चन्द्र जोशी बनाम राज्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 11–10–2017 के क्रम में विज्ञप्ति/नियुक्ति संख्या 1655/XLI-1/17-104/14 टीसी IV दिनांक 11–09–2017 में आंशिक संशोधन करते हुए याचीकर्ता को प्रवक्ता भौतिकी वेतनमान (रू15600–39100, ग्रेड पे–5400) के पद पर दिनांक 29–05–2017 को आयोजित काउन्सिलिंग के आधार पर तालिका के कॉलम–3

के अनुसार अनन्तिम रूप से कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है:–

क्र0सं0	अभ्यर्थी का नाम/गृह जनपद	तैनाती स्थल
1	2	3
1.	श्री किशोर चन्द्र जोशी/नैनीताल	रा0पा0 शक्तिफार्म, ऊधमसिंह नगर

3. उक्त अनुमति रिट याचिका संख्या 484/2017 किशोर चन्द्र जोशी बनाम राज्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन् होगी।

4. सम्बन्धित प्रवक्ता को निर्देशित किया जाता है कि वह इस विज्ञप्ति पत्र जारी होने की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी योगदान आख्या सम्बन्धित संस्थान में उपलब्ध कराते हुए प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, श्रीनगर एवं शासन को अवगत करना सुनिश्चित करेंगे।

5. शेष शर्तें एवं प्रतिबन्ध विज्ञप्ति/नियुक्ति संख्या 1655/XLI-1/17-104/14 टीसी IV दिनांक 11–09–2017 के अनुसार यथावत् बने रहेंगे।

ओम प्रकाश,
अपर मुख्य सचिव।

सिंचाई अनुभाग–1

विज्ञप्ति/प्रोन्नति

27 अक्टूबर, 2017 ई0

संख्या 1955/II(I)–2017–01(29)(18)–2011/2013–सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत डिप्लोमाधारी कनिष्ठ अभियन्ता/अपर सहायक अभियन्ता (सिविल) से सहायक अभियन्ता (सिविल) के पदों पर चयन वर्ष 2016–17 की रिक्तियों के सापेक्ष नियमित चयन द्वारा प्रोन्नति के सम्बन्ध में ज्येष्ठता क्रमांक–329 पर अंकित श्री अनिल कुमार, अपर सहायक अभियन्ता के विरूद्ध प्रचलित विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही के फलस्वरूप लोक सेवा आयोग में सम्पन्न विभागीय चयन समिति की बैठक, जिसकी संस्तुति आयोग के पत्र संख्या–417/38/ई–1/डी0पी0सी0/2016–17, दिनांक 06–03–2017 द्वारा प्राप्त हुई, में श्री अनिल कुमार की संस्तुति बन्द लिफाफे में रखी गयी। उनके विरूद्ध संस्थित विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही में उन्हें दोषमुक्त किये जाने के उपरान्त पुनः उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में दिनांक 18–09–2017 को सम्पन्न विभागीय चयन समिति की बैठक के सम्बन्ध में आयोग के पत्र संख्या–320/38/ई–1/डी0पी0सी0/2016–17 दिनांक 11–10–2017 के द्वारा श्री अनिल कुमार, अपर सहायक अभियन्ता (सिविल) की सहायक अभियन्ता (सिविल) के पद पर पदोन्नति की संस्तुति की है।

2. अतः लोक सेवा आयोग द्वारा की गयी संस्तुति के क्रम में श्री अनिल कुमार को राज्यधीन सकरारी सेवा में सेवारत कार्मिकों की प्रोन्नतियों के लिए होने वाले चयनों में बन्द लिफाफे की कार्यवाही आदि की प्रक्रिया का निर्धारण सम्बन्धी शासनादेश संख्या–1595/कार्मिक–02/2002, दिनांक 13–05–2003 के नियम 7(क) में उल्लिखित प्राविधानों के अन्तर्गत उनसे कनिष्ठ ज्येष्ठता क्रमांक–330 पर अंकित श्री शहजाद आलम की पदोन्नति की तिथि 29–06–2017 से सहायक अभियन्ता (सिविल) वेतन मैट्रिक्स लेवल–10 (₹ 56100–177500) के पद पर नोशनल पदोन्नति प्रदान करते हुए कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वास्तविक रूप से पदोन्नति किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3. उक्त पदोन्नति कार्मिक को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा।

4. उक्त पदोन्नति कार्मिक को वेतनमान तैनाती स्थल पर ही कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा तथा इनके पदस्थापना के आदेश पृथक से जारी किये जायेंगे।

5. उक्त आदेश मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल में याजित रिट याचिका संख्या 1782/एस0एस0/2012 अवनीश भटनागर व अन्य बनाम राज्य में पारित होने वाले निर्णय के अधीन होंगे।

आज्ञा से,

आनन्द बर्द्धन,
प्रमुख सचिव।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले अनुभाग–1

31 अक्टूबर, 2017 ई0

संख्या 1125/XIX-1/17–07/2017

प्रेषक,

आनन्द बर्द्धन,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

2. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

विषय– उत्तराखण्ड राज्य के एल0पी0जी0 विहीन परिवारों को गैस कनैक्शन दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

राज्य के सभी परिवारों की रसोई को धुआं मुक्त करने हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या–744/2017 के क्रम में केन्द्र की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की भांति राज्य के सामाजिक तथा आर्थिक रूप से कमजोर ऐसे परिवार, जिन्हें किन्हीं कारणों से प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है, को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की तर्ज पर निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन निःशुल्क गैस कनैक्शन दिये जाने की श्री राज्यपाल महोदय, सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

(1) इस योजना के अन्तर्गत सर्वप्रथम गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से आच्छादित करने का प्रयास किया जायेगा, तदोपरान्त छूटे हुए ऐसे अन्त्योदय/प्राथमिक (पी0एच0एच0) कार्ड धारक तथा ₹ 2.50 लाख से कम वार्षिक आय वाले राशन कार्ड धारक परिवारों की पात्रता सूची तैयार कर प्रस्ताव आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

(2) किसी भी परिवार में महिला अथवा पुरूष मुखिया अथवा किसी अन्य सदस्य के नाम पूर्व से गैस कनैक्शन होने की स्थिति में उक्त परिवार निःशुल्क गैस कनैक्शन हेतु पात्र नहीं होगा।

(3) गैस सब्सिडी का दुरूपयोग न हो इस हेतु यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि सम्बन्धित राशन कार्ड धारक परिवार की महिला तथा पुरूष सदस्य का आधार नम्बर तथा बैंक खाता (आई0एफ0एस0सी0 कोड सहित) से लिंक किया जा चुका हो।

(4) प्रस्तावित गैस कनैक्शन प्रथमतः परिवार के महिला मुखिया सदस्य के नाम से दिया जायेगा, परिवार में महिला मुखिया सदस्य के न होने की स्थिति में ही अन्य महिला सदस्य के नाम से गैस कनैक्शन दिया जायेगा। परिवार में महिला सदस्य के उपलब्ध न होने की स्थिति में वरिष्ठतम् पुरूष सदस्य के नाम कनैक्शन दिया जायेगा। इस हेतु उज्जवला योजना की तर्ज पर प्रति कनैक्शन ₹ 1600 की धनराशि ऑयल कम्पनी हो दिया जायेगा, अवशेष व्ययभार लाभार्थी द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा।

(5) योजना चरणबद्ध रूप से संचालित की जायेगी अर्थात् प्रथम चरण में अन्त्योदय कार्ड धारक परिवारों को गैस कनैक्शन से संतृप्त किया जायेगा, समस्त जिलाधिकारियों का यह दायित्व होगा कि उनके जिले में कोई भी अन्त्योदय कार्ड धारक परिवार प्रथम चरण में गैस कनैक्शन से वंचित न हो।

द्वितीय चरण में ऐसे परिवार, जिनके पास राष्ट्रीय सुरक्षा योजना के अन्तर्गत अन्य कोई राशन कार्ड है अथवा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्गत अद्यावधिक बी0पी0एल0 सूची में नाम दर्ज है, उनको इस योजना का लाभ प्रदान किया जायेगा, अर्थात प्राथमिक परिवार (पी0एच0एच0) कार्ड धारक एवं बी0पी0एल0 परिवारों को सम्मिलित किया जायेगा तथा अन्तिम चरण में ऐसे कार्ड धारकों को जिनकी कुल वार्षिक आय ₹ 2.50 लाख से कम है, को भी लाभान्वित किया जायेगा।

(6) यदि राज्य में गैस विहीन परिवारों को निःशुल्क गैस कनैक्शन उपलब्ध करा दिये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में राज्य में मिट्टी तेल का आवंटन धीरे–धीरे समाप्त किया जा सकता है। अतः राज्य में उक्त व्यवस्था को लागू किये जाने हेतु घरेलू गैस विहीन परिवारों के चयन तथा गैस कनैक्शन वितरण हेतु जनपद स्तर में जिलाधिकारियों के नेतृत्व में जिला पूर्ति अधिकारी, ऑयल कम्पनी के प्रतिनिधि एवं यदि आवश्यक हो तो अन्य विभागों का सहयोग लेते हुए पात्र लाभार्थियों के सर्वे के कार्य को समयबद्ध रूप से 2 माह के भीतर अभियान के रूप में चलाया जायेगा।

(7) यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 संख्या–152 मतदेय/XXVII(5)/2017-18, दिनांक 30–10–2017 की सहमति से जारी किया जा रहा है।

(8) अतः प्रकरण में तत्काल नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

आनन्द बर्द्धन,
प्रमुख सचिव

वित्त अनुभाग–8

अधिसूचना

10 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 919/2017/9(120)/XXVII(8)/2017–चूँकि, राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है;

अतः अब, श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (अधिनियम सं0 06, वर्ष 2017) की धारा 1 की उपधारा (3) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 18 सितम्बर, 2017 को उस तारीख के रूप में नियत करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, जिसको उक्त अधिनियम की धारा–51 की उपधारा (1) में उपबन्ध, उक्त उपधारा (1) के खण्ड (क) और खण्ड (ख) तथा खण्ड (घ) के अधीन उपबन्ध विनिर्दिष्ट व्यक्तियों के सम्बन्ध में प्रवृत्त होंगे, अर्थात् :–

(क) कोई प्राधिकरण या बोर्ड या कोई अन्य निकाय;

(एक) संसद या किसी राज्य विधान मण्डल के अधिनियम द्वारा गठित; या

(दो) किसी सरकार द्वारा स्थापित,

किसी कार्य को करने के लिए साम्या या नियंत्रण द्वारा पचास प्रतिशत या अधिक की भागीदारी के साथ;

(ख) सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) के अधीन केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा स्थापित कोई सोसाइटी;

(ग) पब्लिक सेक्टर उपक्रम

परन्तु यह कि उक्त व्यक्ति, राज्य सरकार द्वारा परिषद् की सिफारिशों पर, बाद में अधिसूचित की जाने वाली तारीख से, कराधेय माल या सेवाओं या दोनों के पूर्तिकार को किये गये या जमा किये गये संदाय से कर की कटौती करने की दायी होगा।

आज्ञा से,

राधा रतूड़ी,
प्रमुख सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 919/2017/9(120)/XXVII(8)/2017,** Dehradun, dated November 10, 2017 for general information:

NOTIFICATION

November 10, 2017

No. 919/2017/9(120)/XXVII(8)/2017--WHEREAS, the State Government is satisfied that it is expedient so to do in public interest;

Now, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (3) of section 1 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (Act No. 06 of 2017), the Governor is pleased to allow to appoint the 18th day of September, 2017 as the date on which the provisions of sub-section (1) of section 51 of the said Act, under clause (a) clause (b) and clause (d) of sub-section (1) of section 51 of the said Act shall come into force with respect to persons specified, namely:--

(a) an authority or a board or any other body--

(i) set up by an Act of Parliament or a State Legislature; or

(ii) established by any Government,

with fifty-one percent or more participation by way of equity or control, to carry out any function;

(b) society established by the Central Government or the State Government or a Local Authority under the Societies Registration Act, 1860 (21 of 1860);

(c) public sector undertakings:

Provided that the said persons shall be liable to deduct tax from the payment made or credited to the supplier of taxable goods or services or both with effect from a date to be notified subsequently, on the recommendations of the Council, by the State Government.

By Order,

RADHA RATURI,

Principal Secretary.

गृह अनुभाग–3

अधिसूचना

24 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 905/XX-3-2016-05(17) 2013–श्री राज्यपाल महोदय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 3 सपठित साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड नैनीताल की संस्तुति पर उक्त अधिनियम से सम्बन्धित प्रकरणों में कुमाऊँ परिक्षेत्र, नैनीताल के अन्तर्गत सतर्कता, अपराध अनुसंधान विभाग एवं पुलिस अवस्थापना द्वारा पंजीकृत चालानों के विचारण हेतु सुश्री कुमकुम रानी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नैनीताल को उनके पद के अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश के रूप में पदाभिहित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

इस सम्बन्ध में पूर्व में निर्गत शासन की अधिसूचना संख्या–1652/XX–3–2016–05(17)2013 दिनांक 02–09–2016 एतद्द्वारा विखण्डित समझी जायेगी।

आज्ञा से,

आनन्द वर्द्धन,

प्रमुख सचिव।

सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग–1

कार्यालय आदेश

10 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 351/XXXI(1)/2017–रिट–02/16–उत्तराखण्ड सचिवालय सेवा के अन्तर्गत अनुसचिव के पद पर कार्यरत श्री बिरेन्द्र प्रसाद को उनसे आसन्न कनिष्ठ श्री राजेश कुमार की अनुसचिव के पद पर पदोन्नति की तिथि 18 अप्रैल, 2015 से वेतनमान ₹ 15,600–39,100, ग्रेड वेतन ₹ 6600 में प्राकल्पिक (नोशनल) रूप से प्रोन्नति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. श्री बिरेन्द्र प्रसाद, अनुसचिव को उनसे आसन्न कनिष्ठ की अनुसचिव के पद पर पदोन्नति की तिथि 18 अप्रैल, 2015 से नोशनल रूप से पदोन्नति किये जाने के फलस्वरूप इन्हें उक्त अवधि का वेतन एरियर का भुगतान नहीं किया जायेगा। किन्तु उक्त अवधि का लाभ वेतन निर्धारण हेतु देय होगा।

3. श्री प्रसाद को अनुसचिव के पद पर वास्तविक पदोन्नति की तिथि 06 जून, 2017 से निर्धारित वेतन के एरियर का भुगतान देय होगा।

4. उक्त पदोन्नति मा0 लोक सेवा अधिकरण, देहरादून में योजित निर्देश याचिका संख्या 92/2011 अहमद अली व अन्य बनाम राज्य तथा मा0 न्यायालय में योजित अन्य याचिकाओं में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन होगी।

आज्ञा से,

हरबंस सिंह चुघ,
सचिव।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 51 हिन्दी गजट/805–भाग 1–2017 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।

पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2015–17

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की, शनिवार, दिनांक 23 दिसम्बर, 2017 ई0 (पौष 02, 1939 शक सम्वत्)

भाग 1–क

नियम, कार्य–विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया

कार्यालय राज्य कर आयुक्त, उत्तराखण्ड

(विधि–अनुभाग)

22 नवम्बर, 2017 ई0

समस्त ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्य0/प्रव0), राज्य कर,

देहरादून/हरिद्वार/रुड़की/रुद्रपुर/हल्द्वानी सम्भाग।

पत्रांक 4018/रा0कर आयु0 उत्तरा0/रा0क0मु0/विधि–अनुभाग/17–18/देहरादून–उत्तराखण्ड शासन वित्त अनुभाग–8 द्वारा जारी अधिसूचना संख्याएं 955/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 956/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 957/2017/9(120)/XXVII(8)/2017, एवं 958/2017/9(120)/XXVII(8)/2017 समदिनांकित 21 नवम्बर, 2017 का संदर्भ ग्रहण करें, जिनके द्वारा क्रमशः उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (नवां संशोधन) नियम, 2017; उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (दसवां संशोधन) नियम, 2017; उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (ग्यारहवां संशोधन) नियम, 2017 एवं उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (आठवां संशोधन) नियम, 2017 को जारी किये जाने विषयक है।

उपरोक्त अधिसूचना की प्रतियां इस आशय से प्रेषित हैं कि उक्त अधिसूचनाओं की अतिरिक्त प्रतियां कराकर अपने अधीनस्थ समस्त कर–निर्धारण अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों/ व्यापारी संगठनों के अध्यक्ष/सचिव को सूचनार्थ उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

वित्त अनुभाग–8

अधिसूचना

21 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 955/2017/9(120)/XXVII(8)/2017—श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) की धारा 164 सपठित उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर नियम, 2017 में अग्रेत्तर संशोधन करने हेतु निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :–

उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (नौवां संशोधन) नियम, 2017

संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केन्द्रीय माल और सेवाकर (नौवां संशोधन) नियम, 2017 है ।

(2) यह नियम दिनांक 13 अक्टूबर, 2017 से प्रवृत्त समझे जायेंगे ।

नियम 3 में संशोधन

2. उत्तराखण्ड माल और सेवा कर नियम, 2017 (जिसे इसमें एतस्मिन पश्चात् मूल नियम कहा गया है) के स्तम्भ-1 में दिए गए वर्तमान नियम 3 के उपनियम (3क) के स्थान पर स्तम्भ-2 में दिया गया निम्नलिखित उपनियम रख दिया जाएगा, अर्थात्

स्तम्भ–1 वर्तमान उपनियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
(3क). उपनियम (1), उपनियम (2) और उपनियम (3) में किसी बात के अंतर्विष्ट होते हुए भी, कोई व्यक्ति जिसे नियम 24 के अधीन अनंतिम आधार पर रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त किया गया है या जिसने नियम 8 के उपनियम (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन किया है, 01 अक्तूबर, 2017 से, उक्त तिथि से पूर्व इलैक्ट्रानिक रूप से प्ररूप जीएसटी सीएमपी-02 में समान पोर्टल पर या तो सीधे या आयुक्त द्वारा अधिसूचित किसी सुविधा केन्द्र के माध्यम से संसूचना फाइल करके धारा 10 के अधीन कर का संदाय करने का विकल्प ले सकेगा और वह उक्त तारीख से 90 दिन की अवधि के भीतर प्ररूप जीएसटी आईटीसी-	(3क) उपनियम (1), उपनियम (2) और उपनियम (3) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, कोई व्यक्ति, जिसे नियम 24 के अधीन अनंतिम आधार पर रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त किया गया है या जिसे नियम 10 के उपनियम (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अनुदत्त किया गया है, धारा 10 के अधीन उस मास के, जिसमें उसने सामान्य पोर्टल पर या तो सीधे या आयुक्त द्वारा अधिसूचित सुविधा केंद्र के माध्यम से 31 मार्च, 2018 को या उससे पूर्व प्ररूप जीएसटी सीएमपी-02 में संसूचना फाइल की है, के तुरंत उत्तरवर्ती मास की पहली तारीख से कर का संदाय करने का विकल्प ले सकेगा और वह नियम 44 के उपनियम (4) के उपबंधों के अनुसार प्ररूप

03 में नियम 44 के उपनियम (4) के उपबंधों के अनुसरण में एक विवरण प्रस्तुत करेगा:	जीएसटी आईटीसी-03 में उस दिन, जिसको ऐसा व्यक्ति धारा 10 के अधीन कर का संदाय करना आरंभ करता है, से नब्बे दिन की अवधि के भीतर विवरण प्रस्तुत करेगा :
परंतु यह कि उक्त व्यक्तियों को प्ररूप जीएसटी आईटीसी-03 में विवरण प्रस्तुत कर देने के पश्चात् प्ररूप जीएसटी टीआरएएन-1 में घोषणा प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।	परंतु उक्त व्यक्तियों को प्ररूप जीएसटी आईटीसी-03 में विवरण प्रस्तुत करने के पश्चात् प्ररूप जीएसटी टीआरएएन-1 में घोषणा प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

नियम 46 में संशोधन

3. "मूल नियम" के नियम 46 के पश्चात् निम्नलिखित नियम अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

46क. पूर्ति का बीजक-सह-बिल- नियम 46 या नियम 49 या नियम 54 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति किसी गैर रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को कराधेय मालों के साथ छूट प्राप्त मालों या सेवाओं की पूर्ति करता है, तो वह ऐसी पूर्तियों के लिए, एकल "पूर्ति का बीजक-सह-बिल" जारी कर सकेगा ।

नियम 54 में संशोधन

4. "मूल नियम" के नियम 54 के उपनियम (2) में,-

(क) "बीजक" शब्दों के स्थान पर, "समेकित कर बीजक" शब्द रखे जाएंगे ;

(ख) "चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो" शब्दों के पश्चात्, "मास के अंत में मास के दौरान सेवाओं की पूर्ति के लिए" शब्द अंत:स्थापित किए जाएंगे ।

नियम 62 में संशोधन

5. "मूल नियम" के नियम 62 के उपनियम (1) में निम्नलिखित परंतुक अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

परंतु कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, जो उस मास की पहली तारीख से, जो तिमाही का पहला मास नहीं है, धारा 10 के अधीन कर का संदाय करने का विकल्प लेता है, प्ररूप जीएसटीआर-4 में तिमाही की उस अवधि के लिए, जिसके लिए उसने धारा 10 के अधीन कर का संदाय किया है विवरणी प्रस्तुत करेगा और वह धारा 10 के अधीन कर संदाय का विकल्प लेने से पूर्व तिमाही की अवधि के लिए उसे यथा लागू विवरणियां प्रस्तुत करेगा ।

प्ररूप जीएसटी सीएमपी-02 में संशोधन

6. प्ररूप जीएसटी सीएमपी-02 में "देखें नियम 3(2)" शब्दों, अंकों और कोष्ठकों के स्थान पर, "देखें नियम 3(3) और 3(3क)" शब्द, अंक और कोष्ठक रखे जाएंगे ।

प्ररूप जीएसटीआर-1 में संशोधन

प्ररूप 7. प्ररूप जीएसटीआर-1 में सारणी 6 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :-

"6 शून्य दर पूर्तियां और माने गए निर्यात

प्राप्तिकर्ता का जीएसटीआईएन	बीजक के ब्यौरे			परिवहन बिल/निर्यात बिल		एकीकृत कर			उपकर
	सं0	तारीख	मूल्य	सं0	तारीख	दर	कराधेय मूल्य	रकम	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
6क. निर्यात									
6ख. एसईजेड इकाइयों या एसईजेड विकासकर्ता को की गई पूर्तियां									
6ग. माना गया निर्यात									

प्ररूप जीएसटीआर-1क में संशोधन

8. प्ररूप जीएसटीआर-1क में सारणी 4 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :-

"4 एसईजेड को की गई शून्य दर पूर्तियां और माने गए निर्यात

प्राप्तिकर्ता का जीएसटीआईएन	बीजक के ब्यौरे			एकीकृत कर			उपकर
	सं0	तारीख	मूल्य	दर	कराधेय मूल्य	कर रकम	
1	2	3	4	5	6	7	8
4क. एसईजेड इकाई या एसईजेड विकासकर्ता को की गई पूर्तियां							

4ख. माना गया निर्यात	

प्ररूप जीएसटी आर-4 में संशोधन

9. प्ररूप जीएसटी आर-4 में, अनुदेश सं0 9 के पश्चात् निम्नलिखित अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

10. जुलाई, 2017 से सितंबर, 2017 और अक्तूबर, 2017 से दिसंबर, 2017 कर अवधि के लिए सारणी 4 की क्रम सं0 4क प्रस्तुत नहीं की जाएगी"।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 955/2017/9(120)/XXVII(8)/2017,** Dehradun, dated November 17, 2017 for general information:

NOTIFICATION

November 17, 2017

No. 955/2017/9(120)/XXVII(8)/2017--In exercise of the powers conferred by section 164 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (06 of 2017) read with Section 21 of the Uttar Pradesh General Clause Act (as applicable in Uttarakhand), the Governor is pleased to make the following rules to amend the Uttarakhand Goods and Services Tax Rules, 2017, namely :--

The Uttarakhand Goods and Services Tax (Ninth Amendment) Rules, 2017

Short title and Commencement

1. (1) These rules may be called the Uttarakhand Goods and Services Tax (Ninth Amendment) Rules, 2017.

(2) They shall deemed to come into force from the 13th day of October, 2017.

Amendment in Rule 3

2. In Rule 3 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Rules, 2017, (hereinafter referred to as the principal rules), for the existing sub-rule (3A) set out in column-1 below, the following sub-rule set out in column-2 shall be substituted, namely:-

Column-1 Existing sub-rule	Column-2 Hereby substituted sub-rule
(3A) Notwithstanding anything contained in sub-rules (1), (2) and (3), a person who has been granted registration on a provisional basis under rule 24 or who has applied for registration under sub-rule (1) of rule 8 may opt to pay tax under section 10 with effect from the first day of October, 2017 by electronically filing an intimation in **FORM GST CMP-02,** on the common portal either directly or through a Facilitation Centre notified by the Commissioner, before the said date and shall furnish the statement in **FORM GST ITC-03** in accordance with the provisions of sub-rule (4) of rule 44 within a period of ninety days from the said date; Provided that the said persons shall not be allowed to furnish the declaration in **FORM GST TRAN-1** after the statement in **FORM GST ITC-03** has been furnished."; **(ii)** in sub-rule (5), after the words, brackets and figure "or sub-rule (3)", the words, brackets, figure and letter "or sub-rule (3A)" shall be inserted;	(3A) Notwithstanding anything contained in sub-rules (1), (2) and (3), a person who has been granted registration on a provisional basis under rule 24 or who has been granted certificate of registration under sub-rule (1) of rule 10 may opt to pay tax under section 10 with effect from the first day of the month immediately succeeding the month in which he files an intimation in **FORM GST CMP-02**, on the common portal either directly or through a Facilitation Centre notified by the Commissioner, on or before the 31st day of March, 2018, and shall furnish the statement in **FORM GST ITC-03** in accordance with the provisions of sub-rule (4) of rule 44 within a period of ninety days from the day on which such person commences to pay tax under section 10: Provided that the said persons shall not be allowed to furnish the declaration in **FORM GST TRAN-1** after the statement in **FORM GST ITC-03** has been furnished.";

Amendment in Rule 46

3. After rule 46 of the "Principal Rules", the following rule shall be inserted, namely:-

46A. Invoice-cum-bill of supply.- Notwithstanding anything contained in rule 46 or rule 49 or rule 54, where a registered person is supplying taxable as well as exempted goods or services or both to an unregistered person, he may issue a single "invoice-cum-bill of supply" for all such supplies.

Amendment in Rule 54

4. In sub-rule (2) of Rule 54 of the "Principal Rules"-

(a) for the words "tax invoice" the words "consolidated tax invoice" shall be substituted;

(b) after the words "by whatever name called", the words "for the supply of services made during a month at the end of the month" shall be inserted;

Amendment in Rule 62

5. In sub-rule (1) of Rule 62 of the "Principal Rules", the following proviso shall be inserted, namely:-

Provided that the registered person who opts to pay tax under section 10 with effect from the first day of a month which is not the first month of a quarter shall furnish the return in **FORM GSTR-4** for that period of the quarter for which he has paid tax under section 10 and shall furnish the returns as applicable to him for the period of the quarter prior to opting to pay tax under section 10.";

Amendment in FORM GST CMP-02

6. in **FORM GST CMP-02**, for the words, figures and brackets "See rule 3(2)", the words, figures, brackets and letter "See rule 3(3) and 3(3A)" shall be substituted.

Amendment in FORM GSTR-1

7. In **FORM GSTR-1**, for Table 6, the following shall be substituted, namely:-

"6. Zero rated supplies and Deemed Exports

GSTIN of recipient	Invoice details			Shipping bill/ Bill of export		Integrated Tax			Cess
	No.	Date	Value	No.	Date	Rate	Taxable value	Amt.	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
6A. Exports									
6B. Supplies made to SEZ unit or SEZ Developer									
6C. Deemed exports									

";

Amendment in FORM GSTR-1A

8. In **FORM GSTR-1A**, for Table 4, the following shall be substituted, namely:-

"4. Zero rated supplies made to SEZ and deemed exports

GSTIN of recipient	Invoice details			Integrated Tax			Cess
	No.	Date	Value	Rate	Taxable value	Tax amount	
1	2	3	4	5	6	7	8
4A. Supplies made to SEZ unit or SEZ Developer							
4B. Deemed exports							

Amendment in FORM GSTR-4

9. In **FORM GSTR-4**, after instruction no.9, the following shall be inserted, namely:-

10. For the tax period July, 2017 to September, 2017 and October, 2017 to December, 2017, serial 4A of Table 4 shall not be furnished."

अधिसूचना

21 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 956/2017/9(120)/XXVII(8)/2017–श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) की धारा 164 सपठित उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर नियम, 2017 में अग्रेत्तर संशोधन करने हेतु निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :–

उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (दसवां संशोधन) नियम, 2017

संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (दसवां संशोधन) नियम 2017 है ।

(2) यह नियम दिनांक 18 अक्टूबर, 2017 से प्रवृत्त समझे जायेंगे ।

नियम 89 में संशोधन

2. उत्तराखण्ड माल और सेवा कर नियम 2017 के स्तम्भ–1 में दिए गए वर्तमान नियम 89 के उप नियम (1) के वर्तमान तीसरे परंतुक के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया निम्नलिखित परंतुक रखा जाएगा, अर्थात् :-

स्तम्भ–1 वर्तमान परन्तुक	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित परन्तुक
परन्तु यह भी कि निर्यात के रुप में समझे जाने वाले पूर्ति के बाबत, आवेदन निर्यात समझे जाने वाले पूर्ति के प्राप्तकर्ता द्वारा फाइल किया जाएगा:	परंतु यह भी कि समझे गए निर्यातों के रुप में मानी गई पूर्तियों की बाबत, आवेदन निम्नलिखित द्वारा फाइल किया जा सकेगा, -- (क) समझी गई निर्यात पूर्तियों का प्राप्तिकर्ता ; या (ख) उन मामलों में जहां प्राप्तिकर्ता ऐसी पूर्तियों पर इनपुट कर प्रत्यय का लाभ नहीं लेता है और इस आशय का वचनबंध देता है कि पूर्तिकर्ता प्रतिदाय का दावा कर सकेगा, वहां समझी गई निर्यात पूर्तियों का पूर्तिकर्ता";

नियम 96क में संशोधन

3. उत्तराखण्ड माल और सेवा कर नियम 2017 के नियम 96क के उपनियम (1) के खंड (क) में, "तीन मास की समाप्ति के पश्चात्" शब्दों के पश्चात्,"या ऐसी अतिरिक्त अवधि जो आयुक्त द्वारा अनुज्ञात की जा सकेगी," शब्द अंत:स्थापित किए जाएंगे

प्ररुप जीएसटी आरएफडी – 01 में संशोधन

4. उत्तराखण्ड माल और सेवा कर नियम 2017 के प्ररुप जीएसटी आरएफडी – 01 में –

(क) "विवरण 2" के स्थान पर निम्नलिखित विवरण रखा जाएगा,अर्थात् :-

"विवरण 2 [नियम 89 (2)(ग)]

प्रतिदाय का प्रकार :- कर के संदाय के साथ सेवाओं का निर्यात

(रकम रुपयों में)

क्रम सं.	बीजक ब्यौरे			एकीकृत कर		उपकर	बीआरसी/ एफआईआरसी		नामे नोट, यदि कोई हो, में अंतर्वलित एकीकृत कर और उपकर	जमापत्र, यदि कोई हो, में अंतर्वलित एकीकृत कर और उपकर	शुद्ध एकीकृत कर और उपकर (6+7+10 - 11)
	सं.	तारीख	मूल्य	कराधेय मूल्य	रकम		सं.	तारीख			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

(ख) "विवरण 4" के स्थान पर निम्नलिखित विवरण रखा जाएगा,अर्थात् :-

"विवरण 4 [नियम 89 (2)(घ)और 89 (2)(ङ.)]

प्रतिदाय का प्रकार -- विशेष आर्थिक जोन यूनिट या विशेष आर्थिक जोन विकासकर्ता (कर के संदाय पर) को की गई पूर्तियों के मद्दे

(रकम रुपयों में)

प्राप्तिकर्ता का जीएसटी आईएन	बीजक ब्यौरे			पोतपरिवहन पत्र/ निर्यात बिल/ विशेष आर्थिक जोन पृष्ठांकित बीजक		एकीकृत कर		उपकर	नामे नोट यदि कोई हो, मे अंतवर्लि एकीकृत कर और उपकर	जमा पत्र, यदि कोई हो, में अंतर्वलित एकीकृत कर और उपकर	शुद्ध एकीकृत कर और उपकर (8+9+10– 11)
	सं.	तारीख	मूल्य	सं.	तारीख	कराधेय मूल्य	रकम				
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
											"

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 956/2017/9(120)/ XXVII(8)/2017,** Dehradun, dated November 21, 2017 for general information:

NOTIFICATION

November 21, 2017

No. 956/2017/9(120)/XXVII(8)/2017--In exercise of the powers conferred by section 164 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (06 of 2017) read with Section 21 of the Uttar Pradesh General Clause Act (as applicable in Uttarakhand), the Governor is pleased to make the following rules to further amend the Uttarakhand Goods and Services Tax Rules, 2017, namely :--

The Uttarakhand Goods and Services Tax (Tenth Amendment) Rules, 2017

Short title and commencement **1.** (1) These rules may be called the Uttarakhand Goods and Services Tax (Tenth Amendment) Rules, 2017.

(2) They shall deemed to come into force from the 18th day of October, 2017.

Amendment in Rule 89 **2.** In Rule 89 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Rule, 2017, for the existing **third proviso** of sub-rule (1) given in column-1, the following proviso given in column-2 shall be substituted, namely:-

Column-1 Existing Proviso	Column-2 Hereby Substituted Proviso
Provided also that in respect of supplies regarded as deemed exports, the application shall be filed by the recipient of deemed export supplies:	Provided also that in respect of supplies regarded as deemed exports, the application may be filed by, - (a) the recipient of deemed export supplies; or (b) the supplier of deemed export supplies in cases where the recipient does not avail of input tax credit on such supplies and furnishes an undertaking to the effect that the supplier may claim the refund

Amendment in Rule 96A

3. In clause (a) of sub-rule (1) of Rule 96A of the Uttarakhand Goods and Services Tax Rule, 2017, after the words "after the expiry of three months", the words "or such further period as may be allowed by the Commissioner," shall be inserted.

Amendment in FORM GST RFD-01

4. In **FORM GST RFD-01** of the Uttarakhand Goods and Services Tax Rule, 2017-

(a) for **"Statement-2"**, the following Statement shall be substituted, namely:-

"Statement- 2 [rule 89(2)(c)]

Refund Type: Exports of services with payment of tax

(Amount in Rs.)

Sr. No.	Invoice details			Integrated tax		Cess	BRC/ FIRC		Integrated tax and cess involved in debit note, if any	Integrated tax and cess involved in credit note, if any	Net Integrated tax and cess (6+7+10 - 11)
	No.	Date	Value	Taxable value	Amt.		No.	Date			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
											",

(b) for **"Statement-4"**, the following Statement shall be substituted, namely:-

"Statement-4 [rule 89(2)(d) and 89(2)(e)]

Refund Type: On account of supplies made to SEZ unit or SEZ Developer (on payment of tax)

(Amount in Rs.)

GSTIN of recipient	Invoice details			Shipping bill/ Bill of export/ Endorsed invoice by SEZ		Integrated Tax		Cess	Integrated tax and cess involved in debit note, if any	Integrated tax and cess involved in credit note, if any	Net Integrated tax and cess (8+9+10– 11)
	No.	Date	Value	No.	Date	Taxable Value	Amt.				
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
											"

अधिसूचना

21 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 957 / 2017 / 9(120) / XXVII(8) / 2017–श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) की धारा 164 सपठित उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर नियम, 2017 में अग्रेत्तर संशोधन करने हेतु निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :–

उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (ग्यारहवा संशोधन) नियम, 2017

संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ 1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड माल और सेवाकर (ग्यारहवा संशोधन) नियम, 2017 है।

(2) ये दिनांक 28 अक्टूबर, 2017 से प्रवृत समझे जायेंगे।

नियम 24 में संशोधन 2. उत्तराखण्ड माल और सेवा कर नियम, 2017 (जिसे इसमें एतस्मिन पश्चात् मूल नियम कहा गया है।) के नियम 24 के उपनियम (4) में "31 अक्टूबर, 2017 को या उससे पहले" अंकों और शब्दों के स्थान पर, "31 दिसम्बर, 2017" को या उससे पहले" अंक और शब्द रखे जायेंगे।

नियम 45 में संशोधन 3. मूल नियम के नियम 45 में–

(क) उपनियम (3) में, "तिमाही से उत्तरवर्ती मास के पच्चीसवें दिन या पहले की अवधि के लिए दिये गये प्ररूप जीएसटी आईटीसी–1 में सम्मिलित किया जायेगा" शब्दों के स्थान पर "उस अवधि के लिए, तिमाही से उत्तरवर्ती मास के पच्चीसवें दिन पर या पहले या ऐसी अतिरिक्त अवधि के भीतर, जो आयुक्त द्वारा इस निमित अधिसूचना द्वारा विस्तारित की जाये, दिये गये प्ररूप जीएसटी आईटीसी–04 में सम्मिलित किया जायेगा"।

(ख) उपनियम (3) में निम्नलिखित परन्तुक अन्तःस्थापित किया जायेगा; अर्थात् :–

केन्द्रीय कर आयुक्त द्वारा अधिसूचित समय–सीमा का कोई विस्तार आयुक्त द्वारा अधिसूचित किया गया समझा जायेगा" शब्द अन्तःस्थापित किये जायेंगे।

नियम 96 में संशोधन 4. "मूल नियम" के नियम 96 के उपनियम (2) में निम्नलिखित परन्तुक अन्तःस्थापित किये जायेंगे, अर्थात् :–

परन्तु यह कि जहाँ किसी कर अवधि के लिए प्ररूप जीएसटीआर–1 में जावक प्रदायों के ब्यौरे प्रस्तुत करने के लिए तारीख का अधिनियम की धारा 37 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विस्तार किया गया है, वहाँ प्रदायकर्ता प्ररूप जीएसटीआर–1 की सारणी 6क में यथा विनिर्दिष्ट से सम्बन्धित जानकारी प्ररूप जीएसटीआर–3ख में विवरणी प्रस्तुत कर दिये जाने के पश्चात् प्रस्तुत करेगा और उसे सीमाशुल्क द्वारा पदाभिहित प्रणाली को सामान्य पोर्टल द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से पारेषित किया जायेगा;

परन्तु यह है और कि पहले परन्तुक के अधीन सारणी 6क में प्रस्तुत जानकारी उक्त कर अवधि के लिए प्ररूप जीएसटीआर–1 में स्वतः प्रारूपित की जायेगी।

नियम 96क में संशोधन 5. "मूल नियम" के नियम 96क के उपनियम (2) में, निम्नलिखित परन्तुक अन्तःस्थापित किये जायेंगे किया जायेगा, अर्थात् :–

परन्तु यह कि जहाँ किसी कर अवधि के लिए प्ररूप जीएसटीआर–1 में जावक प्रदायों के ब्यौरें प्रस्तुत करने के लिए तारीख का अधिनियम की धारा 37 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विस्तार किया गया है, वहाँ प्रदायकर्ता प्ररूप जीएसटीआर–1 की सारणी 6क में यथा विनिर्दिष्ट निर्यातों से सम्बन्धित जानकारी प्ररूप जीएसटीआर–3ख में विवरणी प्रस्तुत कर दिये जाने के पश्चात् प्रस्तुत करेगा और उसे सीमाशुल्क द्वारा पदाभिहित प्रणाली को सामान्य पोर्टल द्वारा इलेक्ट्रानिक रूप से पारेषित किया जायेगा।

परन्तु यह और कि पहले परन्तुक के अधीन सारणी 6क में प्रस्तुत जानकारी उक्त कर अवधि के लिए प्ररूप जीएसटीआर–1 में स्वतः प्रारूपित की जायेगी।"

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 957/2017/9(120)/XXVII(8)/2017,** Dehradun, dated November 21, 2017 for general information:

NOTIFICATION

November 21, 2017

No. 957/2017/9(120)/XXVII(8)/2017--In exercise of the powers conferred by section 164 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (06 of 2017) read with Section 21 of the Uttar Pradesh General Clause Act (as applicable in Uttarakhand), the Governor is pleased to make the following rules to further amend the Uttarakhand Goods and Services Tax Rules, 2017, namely :--

The Uttarakhand Goods and Services Tax (Eleventh Amendment) Rules, 2017

Short title and Commencement 1. (1) These rules may be called the Uttarakhand Goods and Services Tax (Eleventh Amendment) Rules, 2017

(2) They shall deemed to come into force from the 28th day of October, 2017

Amendment in Rule 24 2. In sub-rule (4) of rule 24 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Rules, 2017 (hereinafter referred to as the Principal rules), for the words, figures and letters "on or before "31th October, 2017", the words, figures, and letters on or before "31st December, 2017" shall be substituted.

Amendment in Rule 45 3. In Rule 45 of the "Principal Rules"--

(a) in sub-rule (3), after the words " succeeding the said quarter" the words "or within such further period as may be extended by the Commissioner by a notification in this behalf.

(b) in sub-rule (3), the following proviso shall be inserted; namely:--

Provided that any extension of the time limit notified by the Commissioner of Central tax shall be deemed to be notified by the Commissioner." shall be inserted.

Amendment in Rule 96 4. In sub-rule (2) of Rule 96 of the "Principal Rules", the following provisos shall be inserted; namely :--

Provided that where the date for furnishing the details of outward supplies in FORM GSTR-1 for a tax period has been extended in exercise of the powers conferred under section 37 of the Act, the supplier shall furnish the information relating to exports in specified in Table 6A FORM GSTR-1 after the return in FORM GSTR-3B has been furnished and the same shall be transmitted electronically by the common portal to the system desinated by the Customs;

Provided further that the information in Table 6A furnished under the first proviso shall be auto-drafted in FORM GSTR-1 for the said tax period.

Amendment in Rule 96A

5. In sub-rule (2) of Rule 96A of the "Principal Rule", the following provisos shall be inserted; namely :--

Provided that where the date for furnishing the details of outward supplies in FORM GSTR-1 for a tax period has been extended in exercise of the powers conferred under section 37 of the Act, the supplier shall furnish the information relating to exports in specified in Table 6A FORM GSTR-1 after the return in FORM GSTR-3B has been furnished and the same shall be transmitted electronically by the common portal to the system desinated by the Customs;

Provided further that the information in Table 6A furnished under the first proviso shall be auto-drafted in FORM GSTR-1 for the said tax period.

अधिसूचना

21 नवम्बर, 2017 ई०

संख्या 958/2017/9(120)/XXVII(8)/2017—श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) की धारा 164 सपठित उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर नियम, 2017 में अग्रेत्तर संशोधन करने हेतु निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :–

उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (आठवां संशोधन) नियम, 2017

संक्षिप्त नाम एंव प्रारम्भ

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड माल और सेवाकर (आठवां संशोधन) नियम, 2017 है।

(2) ये नियम दिनांक 29 सितम्बर, 2017 से प्रवृत समझे जाएंगे।

नियम 24 में संशोधन

2. उत्तराखण्ड माल और सेवा कर नियम, 2017 (जिसे इसमें एतस्मिन पश्चात् मूल नियम कहा गया है।) के नियम 24 के उपनियम (4) में "30 सितम्बर" अंकों और शब्द के स्थान पर, "31 अक्टूबर" अंक और शब्द रखे जाएंगे।

नियम 118 में संशोधन

3. मूल नियमों के नियम 118 में, "नियत दिन के नब्बे दिन की अवधि" शब्दों के स्थान पर, "नियम 117 में विनिर्दिष्ट अवधि या ऐसी और अवधि, जो आयुक्त द्वारा विस्तारित की जाए" शब्द रखे जायेंगे।

नियम 119 में संशोधन 4. मूल नियमों के नियम 119 में, "नियत दिन के नब्बे दिन" शब्दों के स्थान पर, "नियम 117 में विनिर्दिष्ट अवधि या ऐसी और अवधि, जो आयुक्त द्वारा विस्तारित की जाए" शब्द रखे जायेंगे।

नियम 120 में संशोधन 5. मूल नियमों के नियम 120 में, "नियत दिन के नब्बे दिन" शब्दों के स्थान पर, "नियम 117 में विनिर्दिष्ट अवधि या ऐसी और अवधि, जो आयुक्त द्वारा विस्तारित की जाए" शब्द रखे जायेंगे।

नियम 120क में संशोधन 6. मूल नियमों के नियम 120क में, "प्ररूप जीएसटी टीआरएएन–1" में घोषणा का पुनरीक्षण" पार्श्व शीर्ष अन्तःस्थापित किया जाएगा।

प्ररूप जीएसटी आईजी–29 में संशोधन 7. प्ररूप जीएसटी आरईजी–29 में–

(क) "अतंतिम रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण के लिए आवेदन" शीर्ष के स्थान पर "प्रवासी करदाताओं के अनंतिम रजिस्ट्रीकरण को रद्द करने के लिए आवेदन" शीर्ष रखा जाएगा;

(ख) उपशीर्ष भाग–क के अधीन मद (एक) के सामने "अनंतिम आई डी" शब्द और अक्षर के स्थान पर, "जीएसटी आईएन" अक्षर रखे जाएगे।

आज्ञा से,

राधा रतूड़ी,
प्रमुख सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 958/2017/9(120)/XXVII(8)/2017,** Dehradun, dated November 21, 2017 for general Information:

NOTIFICATION

November 21, 2017

No. 958/2017/9(120)/XXVII(8)/2017--In exercise of the powers conferred by section 164 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (06 of 2017) read with Section 21 of the Uttar Pradesh General Clause Act (as applicable in Uttarakhand), the Governor is pleased to make the following rules to further amend the Uttarakhand Goods and Services Tax Rules, 2017, namely :--

The Uttarakhand Goods and Services Tax (Eighth Amendment) Rules, 2017

Short title and Commencement 1. (1) These rules may be called the Uttarakhand Goods Services Tax (Eighth Amendment) Rules, 2017

(2) They shall deemed to come into force from the 29th day of September, 2017

Amendment in Rule 24 2. In sub-rule (4) of rule 24 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Rules, 2017 (hereinafter referred to as the Principal rules), for the figures, letters and word, "30th September", the figures, letters and word "31st October" shall be substituted.

Amendment in Rule 118 3. In rule 118 of the "Principal Rules", for the words "a period of ninety days of the appointed day", the words and figures "the period specified in rule 117 or such further period as extended by the Commissioner" shall be substituted.

Amendment in Rule 119 — 4. In rule 118 of the "Principal Rules", for the words "ninety days of the appointed day", the words and figures "the period specified in rule 117 or such further period as extended by the Commissioner" shall be substituted.

Amendment in Rule 120 — 5. In rule 120 of the "Principal Rules", for the words "ninety days of the appointed day", the words and figures "the period specified in rule 117 or such further period as extended by the Commissioner" shall be substituted.

Amendment in Rule 120A — 6. In rule 120A of the "Principal Rules", the marginal heading **"Revision of declaratin in FORM GST TRAN-1"** Shall be inserted.

Amendment in FORM GST REG-29 — 7. In **FORM GST REG-29,-**

(a) for the heading" **APPLICATION FOR CANCELLATION OF PROVISIONAL REGISTRATION"**, the heading, **"APPLICATION FOR CANCELLATION OF REGISTRATION OF MIGRATED TAXPAYERS"** shall be substituted;

(b) under sub-heading PART-A against item (i) for the word and letters "Provisional ID", the letters"GSTIN" shall be substitued.

By Order,

RADHA RATURI,
Principal Secretary.

पीयूष कुमार,
एडिशनल कमिश्नर (वि0वे0), राज्य कर,
मुख्यालय, देहरादून।

कार्यालय राज्य कर आयुक्त, उत्तराखण्ड

(विधि–अनुभाग)

28 नवम्बर, 2017

समस्त ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्य0/प्रव0), राज्य कर,

देहरादून/हरिद्वार/रुड़की/रूद्रपुर/हल्द्वानी सम्भाग।

पत्रांक 4091/रा0कर आयु0 उत्तरा0/रा0क0मु0/विधि–अनुभाग/17–18/देहरादून–उत्तराखण्ड शासन वित्त अनुभाग–8 द्वारा जारी अधिसूचना संख्याएं 969/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 970/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 971/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 972/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 973/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 974/2017/9(120)/XXVII(8)/2017 एवं 975/2017/9(120)/XXVII(8)/2017 समदिनांकित 21 नवम्बर, 2017 का संदर्भ ग्रहण करें, जिनके द्वारा क्रमशः अधिसूचना संख्याएं 514; 518; 515; 521 समदिनांकित 29 जून, 2017 में संशोधन; वस्तुओं पर राज्य कर से 2.5 प्रतिशत की दर से संगणित राशि से अधिक की छूट प्रदान किये जाने; अधिसूचना संख्या 525 एवं अधिसूचना संख्या 530 समदिनांकित 29 जून, 2017 में संशोधन जारी किये जाने विषयक है ।

उपरोक्त अधिसूचना की प्रतियां आपको इस आशय से प्रेषित है कि उक्त अधिसूचनाओं की अतिरिक्त प्रतियां कराकर अपने अधीनस्थ समस्त कर–निर्धारण अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों/ व्यापारी संगठनों के अध्यक्ष/सचिव को सूचनार्थ उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

वित्त अनुभाग–8

अधिसूचना

23 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 970/2017/9(120)/XXVII(8)/2017–चूँकि राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है;

अतएव, अब, श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) की धारा 11 की उपधारा (1) सपठित उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परिषद् की सिफारिशों के आधार पर उत्तराखण्ड शासन वित्त अनुभाग–8 की अधिसूचना संख्या 518/2017/9(120)/XXVII (8)/2017, दिनांक 29 जून, 2017 में निम्नलिखित अग्रेत्तर संशोधन करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है; अर्थात्–

उक्त अधिसूचना में, -

(1) सूची में,-

(i) क्रम संख्या 8 और 9 और उनसे संबंधित प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित को प्रतिस्थापित की जाएगी,यथा;-

"8	0203, 0204, 0205, 0206, 0207, 0208, 0209	सभी सामान,ताजा या द्रुतशितित
9	0203, 0204, 0205, 0206, 0207, 0208, 0209, 0210	सभी सामान, (ताजा या द्रुतशितित से भिन्न) उनसे भिन्न, जिन्हें किसी यूनिट कंटेनर में रखा गया हो और,- (क) जिनका कोई पंजीकृत ब्रांड नाम हो, या (ख) जिनका कोई ऐसा ब्रांड नाम हो जिस पर किसी विधिक न्यायालय में कार्रवाई योग्य दावा किया जा सकता हो या उस पर कोई प्रवर्तनी अधिकार उपलब्ध हो [अनुबंध I में दी गई शर्तों के अधीन रहते हुए, उनसे भिन्न जहां के ऐसे ब्रांड नाम पर किसी कार्रवाई योग्य दावे या प्रवर्तनी अधिकार का स्वेच्छा से परित्याग कर दिया गया हो] ";

(ii) क्रम संख्या 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17 को और उससे संबंधित प्रविष्टियों को निरसित कर दिया जाएगा ;

(iii) क्रम संख्या 21 और 22 और उनसे संबंधित प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित की जाएगी,यथा;-

(a) against serial number 11A,for the entry in column (3), the following entry shall be substituted namely: -

"Service provided by Fair Price Shops to Central Government, State Government or Union territory by way of sale of food grains, kerosene, sugar, edible oil, etc. under Public Distribution System against consideration in the form of commission or margin.";

(b) the serial number 11B and the entries relating thereto, shall be omitted;

(c) after serial number 79 and the entries relating thereto, the following serial number and entries shall be inserted namely: -

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
"79A	Heading 9996	Services by way of admission to a protected monument so declared under the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains Act, 1958 (24 of 1958) or any of the State Acts, for the time being in force	Nil	Nil"

2. This notification shall come into force with effect from 15th of November, 2017.

By Order,

RADHA RATURI,
Principal Secretary.

विपिन चन्द्र,
एडिशनल कमिश्नर राज्य कर,
मुख्यालय, देहरादून।

कार्यालय राज्य कर आयुक्त, उत्तराखण्ड

(विधि–अनुभाग)

30 नवम्बर, 2017

समस्त ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्य0/प्रव0), राज्य कर,
देहरादून/हरिद्वार/रुड़की/रूद्रपुर/हल्द्वानी सम्भाग।

पत्रांक-4110/स0कर-आयु0-उत्तस0/स0क0मु0/विधि–अनुभाग/17–18/देहरादून–उत्तराखण्ड शासन वित्त अनुभाग–8 द्वारा जारी अधिसूचना संख्याएं 976/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 977/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 978/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 979/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 980/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 981/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 982/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 983/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 984/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 985/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 986/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; 987/2017/9(120)/XXVII(8)/2017; एवं 988/2017/9(120)/XXVII(8)/2017 समदिनांकित 23 नवम्बर, 2017 का संदर्भ ग्रहण करें, जिनके द्वारा क्रमशः केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अधीन नियुक्त अधिकारी को सीजीएसटी की धारा 54 या धारा 55 के अधीन प्रतिदाय की मंजूरी के प्रयोजनों के लिए समुचित अधिकारियों के रूप में कार्य करने की स्वीकृति प्रदान करने; रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा जिसका पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में सकल आवर्त एक करोड़ पचास लाख रुपये से अधिक नहीं था या उस वर्ष में जिसमें रजिस्ट्रीकरण करवाया है, में सकल आवर्त एक करोड़ पचास लाख से कम होने की सम्भावना है द्वारा जावक पूर्ति पर राज्य कर का संदाय किये जाने; अधिसूचना संख्याएं 801 दिनांक 12 अक्टूबर, 2017; अधिसूचना संख्याएं 522; 514; 518; 515; 513 समादिनांकित 29 जून, 2017 में संशोधन; मोटर व्हीकल पर लागू राज्य कर की दर का 65 प्रतिशत शर्त के अधीन; अधिसूचना संख्याएं 525; 530 एवं 526 समदिनांकित 29 जून, 2017 में संशोधन किये जाने तथा उत्तराखण्ड माल और सेवा कर (कठिनाई निवारण) आदेश 2017 जारी किये जाने विषयक है।

उपरोक्त अधिसूचना की प्रतियां आपको इस आशय से प्रेषित है कि उक्त अधिसूचनाओं की अतिरिक्त प्रतियां कराकर अपने अधीनस्थ समस्त कर–निर्धारण अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों/व्यापारी संगठनों के अध्यक्ष/सचिव को सूचनार्थ उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

वित्त अनुभाग–8

अधिसूचना

23 नवम्बर, 2017 ई०

संख्या 976/2017/9(120)/XXVII(8)/2017–श्री राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) (जिसे इस अधिसूचना में एतत् पश्चात् "उत्तराखण्ड जीएसटी अधिनियम" कहा गया है) की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों पर, यह विनिर्दिष्ट करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं कि केन्द्रीय माल और सेवाकर अधिनियम, 2017 (2017 का 12) (जिसे इस अधिसूचना में एतत् पश्चात् "सीजीएसटी अधिनियम" कहा गया है), के अधीन नियुक्त अधिकारी, जो सीजीएसटी अधिनियम की धारा 54 या धारा 55 के प्रयोजनों के लिए बोर्ड के आयुक्त द्वारा समुचित अधिकारियों (जिन्हें इस अधिसूचना में एततपश्चात् "उक्त अधिकारी" कहा गया है) के रूप में प्राधिकृत हैं, उत्तराखण्ड जीएसटी अधिनियम के अधीन बनाए गये नियमों के साथ पठित सीजीएसटी अधिनियम की धारा 54 या धारा 55 के अधीन, उक्त अधिकारियों की राज्य क्षेत्रीय अधिकारिता में अवस्थित किसी ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति के सम्बन्ध में, जो उक्त अधिकारियों को प्रतिदाय की मंजूरी के लिए आवेदन करता है, प्रतिदाय की मंजूरी के प्रयोजनों के लिए समुचित अधिकरियों के रूप में कार्य करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. यह अधिसूचना दिनांक 13 अक्टूबर, 2017 से प्रवृत्त समझी जाएगी।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 976/2017/9(120)/XXVII(8)/2017,** Dehradun, dated November 23, 2017 for general information:

NOTIFICATION

November 23, 2017

No. 976/2017/9(120)/XXVII(8)/2017--In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 6 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (06 of 2017) (hereafter in this notification referred to as "Uttarakhand GST Act"), on the recommendations of the Council, the Governor, is pleased to allow to specify that the officers appointed under the Central Goods and Services Tax Act, 2017 (12 of 2017) (hereafter in this notification referred to as "CGST Act") who are authorized to be the proper officers for the purposes of section 54 of section 55 of the CGST Act (hereafter in this notification referred to as "the said officers") by the Commissioner in the Board, shall act as proper officers for the purpose of sanction of refund the rules made under the Uttarakhand GST Act read with section 54 of section 55 of CGST Act in respect of a registered person located in the territorial Jurisdiction of the said officers who applies for the sanction of refund to the said officers.

2. This notification shall deemed to come into force from 13th day of October, 2017

अधिसूचना

23 नवम्बर, 2017 ई०

संख्या 977/2017/9(120)/XXVII(8)/2017—चूँकि राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है;

अतएव, अब, राज्यपाल, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) (जिसे इस अधिसूचना में एतत्पश्चात् 'उक्त अधिनियम' कहा गया है) की धारा 148 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों पर, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति को, जिसका पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में सकल आवर्त एक करोड़ पचास लाख रूपए से अधिक नहीं था या कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति जिसकी उस वर्ष में जिसमें ऐसे व्यक्ति ने रजिस्ट्रीकरण करवाया है, में सकल आवर्त एक करोड़ पचास लाख रुपए से कम होने की संभावना है और जिसने उक्त अधिनियम की धारा 10 के अधीन संयुक्त उद्ग्रहण का विकल्प नहीं लिया था, ऐसे व्यक्तियों के प्रवर्ग के रूप में अधिसूचित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, जो उन परिस्थितियों में जो उक्त अधिनियम की धारा 14 के उपबंधों को आकर्षित करती है सहित उक्त अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (2) के खंड (क) में यथाविनिर्दिष्ट पूर्ति के समय माल की जावक पूर्ति पर राज्य कर का संदाय करेगा, और तदनुसार उक्त अधिनियम के अध्याय 9 और उसके अधीन बनाए गए नियमों में यथाविनिर्दिष्ट ब्यौरे और विवरणी को प्रस्तुत करेगा और रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों के ऐसे वर्ग द्वारा कर के संदाय के लिए विहित अवधि वह होगी जो उक्त अधिनियम में विनिर्दिष्ट है।

2. यह अधिसूचना दिनांक 13 अक्टूबर, 2017 से प्रवृत समझी जाएगी ।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 977/2017/9(120)/XXVII(8)/2017,** Dehradun, dated November 23, 2017 for general information:

NOTIFICATION

November 23, 2017

No. 977/2017/9(120)/XXVII(8)/2017--WHEREAS, the State Government is satisfied that it is expedient so to do in public interest;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by section 148 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (06 of 2017) (hereafter in this notification referred to as the 'said Act'), on the recommendations of the Council, the Governor is pleased to allow to notify the registered persons whose aggregate turnover in the preceding financial year did not exceed one crore and fifty lakh rupees or the registered person whose aggregate turnover in the year in which such person has obtained registration is likely to be less than one crore and fifty lakh rupees and who did not opt for the composition levy under section10 of the said Act as the class of persons who shall pay the State tax on the outward supply of goods at the time of supply as specified in clause (a) of sub-section (2) of section 12 of the said Act including in the situations attracting the provisions of section 14 of the said Act, and shall accordingly furnish the details and returns as mentioned in Chapter IX of the said Act and the rules made thereunder and the period prescribed for the payment of tax by such class of registered persons shall be such as specified in the said Act.

2. This notification shall deemed to come into force from 13th day of October, 2017.

अधिसूचना

23 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 978/2017/9(120)/XXVII(8)/2017–चूँकि राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है;

अतएव, अब, राज्यपाल, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) की धारा 23 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों पर, उत्तराखण्ड शासन वित्त अनुभाग–8 की अधिसूचना संख्या 801/2017/9(120) /XXVII(8)/2017 दिनांक 12 अक्टूबर, 2017 में निम्नलिखित संशोधन करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, अर्थात्:-

1. उक्त अधिसूचना की सारणी में–

(i) क्रम सं. 9 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात्:-

"9	टैक्सटाइल (हथकरघा उत्पाद) ,हाथ से बनी शालें, स्टोल और स्कार्फ	62,63 ,61 ,58 ,50 सहित";

(ii) क्रम सं. 28 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"29	शृंखला टांका	कोई अध्याय
30	क्रिवेल ,नामदा ,गाबा	कोई अध्याय
31	खपच्ची भिसा उत्पाद	कोई अध्याय
32	तोरण	कोई अध्याय
33	शोला से बनी चीजें	कोई अध्याय"।

2. यह अधिसूचना दिनांक 13 अक्टूबर, 2017 से प्रवृत्त समझी जाएगी ।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 978/2017/9(120)/ XXVII(8)/2017,** Dehradun, dated November 23, 2017 for general information:

NOTIFICATION

November 23, 2017

No. 978/2017/9(120)/XXVII(8)/2017--WHEREAS, the State Government is satisfied that it is expedient so to do in public interest;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 23 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (06 of 2017), on the recommendations of the Council, the Governor is pleased to allow to make the following amendments in the notification of the Government of Uttarakhand Finance Section-8, No. 801/2017/9(120)/ XXVII(8)/2017 Dated 12 October, 2017; namely:-

1. In the said notification, in the Table –

(i) for serial number 9 and the entries relating thereto, the following shall be substituted, namely:-

"9	Textile (handloom products), Handmade shawls, stoles and scarves	Including 50, 58, 61, 62, 63";

(ii) after serial number 28 and the entries relating thereto, the following shall be inserted, namely:-

"29	Chain stitch	Any chapter
30	Crewel, namda, gabba	Any chapter
31	Wicker willow products	Any chapter
32	Toran	Any chapter
33	Articles made of shola	Any chapter".

2. This notification shall deemed to come into force from 13th day of October, 2017.

अधिसूचना

23 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 979/2017/9(120)/XXVII(8)/2017–चूँकि राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है;

अतएव, अब, राज्यपाल, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) की धारा 11 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों पर, उत्तराखण्ड शासन वित्त अनुभाग–8 की अधिसूचना संख्या 522/2017/9(120)/XXVII(8)/2017 दिनांक 29 जून, 2017 में निम्नलिखित संशोधन करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, अर्थात्:-

1. उक्त अधिसूचना में पैरा 1 के अधीन परंतुक का लोप किया जाएगा।

2. इस अधिसूचना द्वारा यथासंशोधित अधिसूचना संख्या 522/2017/9(120)/XXVII(8)/2017 दिनांक 29 जून, 2017 में अंतर्विष्ट छूट 31 मार्च, 2018 तक सभी रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों को लागू होगी।

3. यह अधिसूचना दिनांक 13 अक्टूबर, 2017 से प्रवृत्त समझी जाएगी ।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 979/2017/9(120)/ XXVII(8)/2017,** Dehradun, dated November 23, 2017 for general information:

NOTIFICATION

November 23, 2017

No. 979/2017/9(120)/XXVII(8)/2017--WHEREAS, the State Government is satisfied that it is expedient so to do in public interest;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 11 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (06 of 2017), on the recommendations of the Council, the Governor is pleased to allow to make the following amendment in the notification of the Government of Uttarakhand Finance Section-8, No. 522/2017/9(120)/ XXVII(8)/2017 Dated 29 June, 2017; namely:-

1. In the said notification, the proviso under Paragraph 1 shall be omitted.
2. The exemption specified in the notification no. 522/2017/9(120)/XXVII(8)/ 2017 Dated 29 June, 2017, as amended by this notification shall apply to all registered persons till the 31st day of March, 2018.
3. This notification shall deemed to come into force from 13th day of October, 2017.

अधिसूचना

23 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 980/2017/9(120)/XXVII(8)/2017—चूँकि, राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है;

अतएव, अब, राज्यपाल, उत्तराखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) की धारा 9 की उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों के आधार पर, उत्तराखण्ड शासन वित्त अनुभाग-8 की अधिसूचना सं. 514/2017/9(120) /XXVII(8)/2017 दिनांक 29 जून, 2017 में निम्नलिखित संशोधन करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, अर्थात्:-

1. उक्त अधिसूचना में, -

(क) अनुसूची I – 2.5% में,-

(i) क्रम सं. 29 में कालम (2) की प्रविष्टि के स्थान पर प्रविष्टि, "0802, 0813", को प्रतिस्थापित किया जाएगा;

(ii) क्रम संख्या 30 और संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं. और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा; अर्थात्–

"30 (क)	0804	आम कटे हुए, सुखाए हुए";

(iii) क्रम संख्या 99 और संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं. और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा ; अर्थात्–

"99 (क)	1905 या 2106	खाखरा, प्लेन चपाती/रोटी ";

(iv) क्रम संख्या 101 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं. और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा;

"101 (क)	2106 90	नमकीन, भुजिया, मिक्चर, चबेना और इसी प्रकार के अन्य उत्पाद जो कि तत्काल खाए जा सकते हैं, उनसे भिन्न जो कि यूनिट कंटेनरों में बंद हों, और- (क) जिन पर पंजीकृत ब्रांड नाम लिखा हो; या (ख) ऐसा ब्रांड नाम लिखा हो जिस पर किसी कानून के न्यायालय में दावा किया जा सकता हो या अधिकार को लागू कराया जा सकता है [उनसे भिन्न जहां कि ऐसे ब्रांड नाम से संबंधित कार्रवाई योग्य किसी दावे या प्रवर्तनीय अधिकार का अनुबंध में यथा उल्लिखित शर्तों के अधीन रहते हुए स्वेच्छा से परित्याग कर दिया गया हो]";

(v) क्रम संख्या 164 के कॉलम (3) में प्रविष्टि "" प्रतिस्थापित किए जाएंगे;

(क) केरोसिन ऑइल, पीडीएस, बंकर फ्यूल

(ख) जहाज अथवा जलयान में प्रयोग हेतु निम्नलिखित बंकर फ्यूल; अर्थात–

(i) IFO 180 CST
(ii) IFO 380 CST

(vi) क्रम संख्या 181 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं. और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"181 (क)	30	औषधि द्रव्य)जिसमें आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी या जैव रसायन प्रणालियों में प्रयुक्त औषधि-द्रव्य भी है) जिनका विनिर्माण अनन्य के रूप में, यथास्थिति, औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 (1940 का 23) की पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्राधिकृत पुस्तकों या भारतीय होम्योपैथी भेषज-संग्रह या संयुक्त राज्य अमेरिका या यूनाइटेड किंगडम या जर्मन होम्योपैथी भेषज-संग्रहों में वर्णित फार्मूलों के अनुसार किया जाता है और ऐसी पुस्तकों या भेषज संग्रहों में यथा-विनिर्दिष्ट नाम के अधीन बेचे जाते हैं।";

(vii) क्रम संख्या 187 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं. और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"187 (क)	3915	प्लास्टिक के वेस्ट, पेयरिंग्स एंड स्क्रैप्स";

(viii) क्रम संख्या 188 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं. और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"188(क)	4004 00 00	रबर के वेस्ट, पेयरिंग्स एंड स्क्रैप्स (हार्ड रबर से भिन्न)";

(ix) क्रम संख्या 191 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के बाद निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"191 क	4017	हार्ड रबर के वेस्ट एंड स्क्रैप"

(x) क्रम संख्या 198 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के बाद निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"198 क	4707	पेपर या पेपर बोर्ड के रिकवर्ड वेस्ट एंड स्क्रैप"

(xi) क्रम संख्या 201 और उससे संबंधित प्रविष्टियों को निरसित कर दिया जाएगा।

(xii) क्रम सं0 218 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात्, निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"218क	5605 0010	रीयल जरी थ्रेड (गोल्ड) या सिल्वर थ्रेड, जो टेक्सटाइल थ्रेड से युक्त हो "

(xiii) क्रम सं. 219 में, कॉलम (2) में अंक "5705" के स्थान पर "5702, 5703, 5705" अंकों को प्रतिस्थापित किया जाएगा,

(xiv) क्रम संख्या 228 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा; अर्थात्–

"228क	7001	ग्लास के क्लेट या अन्य वेस्ट या स्क्रैप" ;

(xv) क्रम संख्या 234 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"234क	84 या 85	ई-वेस्ट स्पष्टीकरण:- इस प्रविष्टि के उद्देश्य के लिए ई-वेस्ट का मतलब है कि, ई-वेस्ट (मेन्जमेन्ट) नियम 2016 (भारत के राजपत्र में प्रकाशित सा0का0नि0 338(अ) दिनांक 23 मार्च, 2016) की अनुसूची-I में सूचीबद्ध इलेक्ट्रीकल तथा इलेक्ट्रानिक उपकरण, जिसमें अवयव, उपभोज्य, भाग तथा स्पयेर जो इन उपकरणों को परिचालन के योग्य बनाते हैं ".

(xvi) क्रम संख्या 263 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"264	कोई अध्याय	बायोमॉस ब्रिक्वेट्स"

(ख) अनुसूची II-6% में, -

(i) क्रम सं. 16 में, कॉलम (3) में शब्द और कोष्ठक "खजूर (मुलायम या कठोर), अंजीर, अनन्नास, एवोकैडो, अमरूद, आम और मैंगो स्टीन, सूखे हुए" के स्थान पर शब्द और कोष्ठक "खजूर (मुलायम या कठोर), अंजीर, अनन्नास, एवोकैडो, अमरूद, और मैंगो स्टीन, सूखे हुए" को प्रतिस्थापित किया जाएगा;

(ii) क्रम संख्या 17 में, कॉलम (3) में, शब्द और अंक "अध्याय 8 के शुष्कित फल", के स्थान पर शब्द, अंक और कोष्ठक, " अध्याय 8 के सूखे फल [सूखी इमली और सूखे चेस्टनट (सिंघाडा) चाहे ये छिल्का युक्त हों या नहीं, से भिन्न]", को प्रतिस्थापित किया जाएगा;

(iii) क्रम संख्या 46 में, कॉलम (3) की प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाएगा; यथा :-

नमकीन, भुजिया, मिक्चर, चबेना और इसी प्रकार के अन्य उत्पाद जो कि तत्काल खाए जा सकते हैं, उनसे भिन्न जो कि यूनिट कंटेनरों में बंद हों और

(क) जिन पर पंजीकृत ब्रांड नाम लिखा हो; या

(ख) ऐसा ब्रांड नाम लिखा हो जिस पर किसी कानून के न्यायालय में दावा किया जा सकता हो या अधिकार को लागू कराया जा सकता है [उनसे भिन्न जहां कि ऐसे ब्रांड नाम से संबंधित कार्रवाई योग्य किसी दावे या प्रवर्तनीय अधिकार का अनुबंध में यथा उल्लिखित शर्तों के अधीन रहते हुए स्वेच्छा से परित्याग कर दिया गया हो]

(iv) क्रम संख्या 111 और उससे संबंधित प्रविष्टियों को निरसित कर दिया जाएगा;

(v) क्रम संख्या 132 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं. और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"132क	5401	मानव निर्मित फिलामेंट के सिलाई धागे, चाहे खुदरा बिक्री के लिए हों या नहीं
132 ख	5402, 5403, 5404, 5405, 5406	सैंथेटिक अथवा आर्टिफिशयल फिलामेंट यार्न
132ग	5508	मानव निर्मित स्टेपल फाइबर्स के सिलाई धागे
132घ	5509, 5510, 5511	मानव निर्मित स्टेपल फाइबर्स के यार्न

(vi) क्रम संख्या 137 में , कॉलम (3) की प्रविष्टि में, शब्दों और अंकों "जैसे टैक्सटाइल धागा का समिश्रण वाला जरी धागा (स्वर्ण) और रजत धागा," को निरसित किया जायेगा ।

(ग) अनुसूची III में – 9%

(i) क्रम संख्या 16 में, कॉलम (3) में "पिज्जा ब्रेड" शब्दों के स्थान पर "पिज्जा ब्रेड, खाखरा, प्लेन चपाती या रोटी" शब्दों को प्रतिस्थापित किया जायेगा ।

(ii) क्रम संख्या 23 में, कालम (3) में "तुरंत खाये जा सकने वाले पदार्थों" शब्दों के स्थान पर "तुरंत खाये जा सकने वाले पदार्थों, खाखरा" शब्दों को प्रतिस्थापित किया जायेगा ।

(iii) क्रम संख्या 54 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं. तथा प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"54क	3213	पोस्टर कलर";

(iv) क्रम सं. 63 में, कॉलम (3) में शब्द और कोष्ठक, "माडलिंग पेस्ट, जिसमें जो बच्चों के खेलने के लिए हैं वे भी आते हैं; दन्त चिकित्सा में प्रयोग होने वाले उत्पाद, जो बेसिस प्लास्टर (कैल्साइंड जिप्सम या कैल्सियम सल्फेट के) आधारित हों" के स्थान पर शब्द और कोष्ठक "दन्त चिकित्सा में प्रयोग होने वाले अन्य उत्पाद, जो प्लास्टर (कैल्साइंड जिप्सम या कैल्सियम सल्फेट के) आधारित हों;" को प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(v) क्रम संख्या 102 तथा उससे संबंधित प्रविष्टि को लोप किया जाएगा,

(vi) क्रम संख्या 114 में, कॉलम (3) में शब्दों" रबर के वेस्ट, पेयरिंग्स एंड स्क्रैप्स (हार्ड रबर से भिन्न) तथा उनसे प्राप्त पाउडर तथा ग्रेनुअल्स" के स्थान पर शब्दों" रबर के वेस्ट, पेयरिंग्स एंड स्क्रैप्स (हार्ड रबर से भिन्न) से प्राप्त पाउडर तथा ग्रेनुअल्स" को प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(vii) क्रम संख्या 158 तथा इससे संबंधित प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा।

(viii) क्रम संख्या 159 में, कॉलम (3) की प्रविष्टि में शब्दों "सिंथेटिक फिलामेंट यार्न के अलावा अन्य सभी सामान" को प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(ix) क्रम संख्या 160 में, कॉलम (3) की प्रविष्टि में शब्दों "कृत्रिम फिलामेंट यार्न के अलावा अन्य सभी सामान" को प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(x) क्रम संख्या 164 तथा इससे संबंधित प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा।

(xi) क्रम संख्या 165 तथा इससे संबंधित प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा।

(xii) क्रम संख्या 177 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं. और प्रविष्टियों को प्रतिस्थापित किया जाएगा; अर्थात–

"177क	6802	निम्न को छोड़कर सभी वस्तु :- i. मार्बल और ग्रेनाइट की सभी वस्तुएं ii. मूर्तियों, प्रतिमाएं, पेडस्टल्स; उच्च या कम राहतें, पार, जानवरों के आकृति, कटोरे, फूलदान, कप, कैचौ बक्से, लेखन सेट, ऐशट्रे, पेपर वज़न, कृत्रिम फल और पत्ते आदि। पत्थर के अन्य सजावटी सामान

(xiii) क्रम संख्या 188 तथा इससे संबंधित प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा।

(xiv) क्रम संख्या 303 और उससे प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम संख्या और प्रविष्टियों अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् –

"303क	8305	लूज लीप बांडर्स या फाइल्स की फिटिंग्स लेटर क्लिप्स, लेटर कार्नर्स , पेपर क्लिप्स, इंडेक्सिंग टैक्स, और इसी प्रकार की कार्यालीय वस्तुएं, जो कि बेस मेटल से बनी हों; स्टेपल, स्ट्रिप्स (उदाहरणार्थ कार्यालय, अपहोल्स्ट्री, पैकेजिंग के लिए) बेस मेटल के";

(xv) क्रम सं. 308 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के निम्नलिखित क्रम सं. और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"308क	84	फिक्स्ड स्पीड डीजल इंजन, जिनकी शक्ति 15 एचपी से अधिक न हो, में एक मात्र रूप से या मुख्य रूप से प्रयोग में आने वाले उपयुक्त पार्ट्स
308ख	84 या 85	विद्युत चालित पम्पों, जो कि मुख्य रूप से चल निकालने के लिए तैयार किए जाते हों जैसे कि सेंट्रीफ्युबल पम्प (हॉर्जिंटल या वर्टिकल), डीप ट्यूबवेल टर्बाइन पम्प्स, सबमर्सिबल पम्प, एक्सल फ्लो और मिक्स्ड फ्लो वर्टिकल पम्प में एक मात्र रूप से या मुख्य रूप से प्रयोग में आने वाले उपयुक्त पार्ट्स";

(xvi) क्रम सं. 369 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित क्रम सं. और प्रविष्टियों को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"369क	8483	प्लेन शाफ्ट बियरिंग";

(घ) अनुसूची IV – 14%

(i) क्रम संख्या 23 में, कॉलम (3) में शब्द "पैन्स या इसी प्रकार की वस्तुएं या पैकिंग्स" के स्थान पर शब्द और कोष्ठक, "पैन्स या इसी प्रकार की वस्तुएं या पैकिंग्स [पोस्टर कलर से भिन्न]" को प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(ii) क्रम संख्या 34 और उससे संबंधित प्रविष्टियों को निरसित किया जाएगा।

(iii) क्रम संख्या 50 में कॉलम (3) में शब्द "वेस्ट एंड स्क्रैप समेत" के स्थान पर "वेस्ट एंड स्क्रैप को छोड़कर" शब्दों को प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(iv) क्रम संख्या 70 में, कालम (3) के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"मार्बल या ग्रेनाइट की सभी वस्तुएं[मूर्तियों, प्रतिमाएं, पेडस्टल्स; उच्च या कम राहतें, पार, जानवरों के आकृति, कटोरे, फूलदान, कप, कैचौ बक्से, लेखन सेट, ऐशट्रे, पेपर वज़न, कृत्रिम फल और पत्ते आदि। पत्थर के अन्य सजावटी सामान" के अलावा]";

(v) क्रम संख्या 112 और उससे संबंधित प्रविष्टियों को निरसित कर दिया जाएगा।

(vi) क्रम संख्या 135 में, कॉलम (3) में, "और प्लेन साफ्ट वियरिंग" शब्दों को निरसित किया जाएगा।

(ड.) अनुबंध में, (ख) के पश्चात निम्नलिखित को अंतःस्थापित किया जाएगा:-

" बशर्ते कि, यदि ब्राण्ड नेम पर कार्यवाही किए जाने के लिए दावा या प्रवर्तनीय अधिकार रखने वाला व्यक्ति और यूनिट कंटेनरों में ऐसे माल को पैक करने वाले दो अलग-अलग व्यक्ति है तो वह व्यक्ति जो कि ब्राण्ड नेम पर दावा कर सकता है या जिसका प्रवर्तनीय अधिकार है ऐसे माल की पैकिंग करने वाले व्यक्ति के क्षेत्राधिकार वाले राज्य कर आयुक्त के पास इस आशय का शपथ पत्र जमा करेगा की वह स्पष्टीकरण (ii)(क) में यथा परिभाषित ऐसे ब्राण्ड नेम पर अपने कार्यवाही योग्य दावे या प्रवर्तनीय अधिकार का स्वेच्छा से परित्याग करता है; और उसने उस व्यक्ति [जो कि ऐसे यूनिट कंटेनरों में ऐसे ब्राण्ड नेम वाले माल की पैकिंग करता है] को इस बात के लिए प्राधिकृत करता है कि वह ऐसे यूनिट कंटेनरों पर अंग्रेजी और स्थानीय दोनों भाषाओं में तथा न मिटने वाली स्याही से यह मुद्रित कर सकेगा कि ऐसे ब्राण्ड नेम पर वह [जिसके पास ब्राण्ड नेम का अधिकार होगा] ऐसे ब्राण्ड नेम पर कार्यवाही योग्य दावे या प्रवर्तनीय अधिकार का स्वेच्छा से परित्याग कर रहा है।"

2. यह अधिसूचना दिनांक 13 अक्टूबर, 2017 से प्रवृत्त समझी जाएगी।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 980/2017/9(120)/ XXVII(8)/2017,** Dehradun, dated November 23, 2017 for general information:

NOTIFICATION

November 23, 2017

No. 980/2017/9(120)/XXVII(8)/2017--WHEREAS, the State Government is satisfied that it is expedient so to do in public interest;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 9 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (06 of 2017), on the recommendations of the Council, the Governor is pleased to make the following amendments in the notification of the Government of Uttarakhand, Finance Section-8, No. 514/2017/9(120)/ XXVII(8)/2017 Dated 29 June, 2017, namely:-

In the said notification,-

(A) in Schedule I-2.5%,-

(i) in S.No. 29, for the entry in column (2), the entry, "0802, 0813", shall be substituted;

(ii) after S.No. 30 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"30A	0804	Mangoes sliced, dried" ;

(iii) after S. No. 99 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"99A	1905 or 2106	Khakhra, plain chapatti or roti" ;

(iv) after S.No. 101 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"101A	2106 90	Namkeens, bhujia, mixture, chabena and similar edible preparations in ready for consumption form, other than those put up in unit container and,-
		(a) bearing a registered brand name; or
		(b) bearing a brand name on which an actionable claim or enforceable right in a court of law is available [other than those where any actionable claim or any enforceable right in

		respect of such brand name has been voluntarily foregone, subject to the conditions as specified in the ANNEXURE]" ;

(v) in S.No. 164, for the entry in column (3), the entry,

"(a) kerosene oil PDS,

(b) The following bunker fuels for use in ships or vessels, namely,

i. IFO 180 CST

ii. IFO 380 CST", shall be substituted;

(vi) after S.No. 181 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"181A	30	Medicaments (including those used in Ayurvedic, Unani, Siddha, Homeopathic or Bio-chemic systems), manufactured exclusively in accordance with the formulae described in the authoritative books specified in the First Schedule to the Drugs and Cosmetics Act, 1940 (23 of 1940) or Homeopathic Pharmacopoeia of India or the United States of America or the United Kingdom or the German Homeopathic Pharmacopoeia, as the case may be, and sold under the name as specified in such books or pharmacopoeia";

(vii) after S.No. 187 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"187A	3915	Waste, parings or scrap, of plastics";

(viii) after S.No. 188 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"188A	40040000	Waste, parings or scrap of rubber (other than hard rubber)";

(ix) after S.No. 191 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"191A	4017	Waste or scrap of hard rubber";

(x) after S.No. 198A and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"198 B	4707	Recovered waste or scrap of paper or paperboard";

(xi) S.No. 201A and entries relating thereto shall be omitted;

(xii) after S.No. 218 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"218A	5605	Real zari thread (gold) and silver thread, combined with

	0010	textile thread";

(xiii) in S.No. 219, in column (2), for the figure, "5705", the figures "5702,5703, 5705", shall be substituted;

(xiv) after S.No. 228 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"228A	7001	Cullet or other waste or scrap of glass";

(xv) after S.No. 234 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"234A	84or 85	E-waste *Explanation:* For the purpose of this entry, e-waste means electrical and electronic equipment listed in Schedule Iof the E-Waste(Management) Rules, 2016, published in the Gazette of India vide G.S.R. 338 (E) dated the 23rd March, 2016, including the components, consumables, parts and spares which make these products operational";

(xvi) after S.No. 263 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely:-

"264	Any chapter	Biomass briquettes" ;

(B) in Schedule II-6%,-

(i) **in S.No. 16, in column (3), for the words and brackets "Dates(soft or hard), figs, pineapples, avocados, guavas, mangoes and mangosteens, dried", the words and brackets, "Dates(soft or hard), figs, pineapples, avocados, guavas and mangosteens, dried", shall be substituted;**

(ii) in S.No. 17, in column (3), for the words figure and brackets, "dried fruits of Chapter 8[other than tamarind, dried]", the words, figure and brackets, "dried fruits of Chapter 8 [other than dried tamarind and dried chestnut (singhada) whether or not shelled or peeled]", shall be substituted;

(iii) in S.No. 46, for the entry in column (3), the following entry shall be substituted namely: -

"Namkeens, bhujia, mixture, chabena and similar edible preparations in ready for consumption form [other than roasted gram], put up in unit container and,-

(a) bearing a registered brand name; or

(b) bearing a brand name on which an actionable claim or enforceable right in a court of law is available [other than those where any actionable claim or any enforceable

right in respect of such brand name has been voluntarily foregone, subject to the conditions as specified in the ANNEXURE]";

(iv) S.No. 111 and the entries relating thereto, shall be omitted;

(v) after S.No. 132 and the entries relating thereto, the following serial numbers and entries shall be inserted, namely: -

"132A	5401	Sewing thread of manmade filaments, whether or not put up for retail sale
132B	5402, 5403, 5404,5405,5406	Synthetic or artificial filament yarns
132C	5508	Sewing thread of manmade staple fibres
132D	5509, 5510, 5511	Yarn of manmade staple fibres";

(vi) in S.No. 137, in the entry in column (3), the words and figures "such as Real zari thread (gold) and silver thread, combined with textile thread)," shall be omitted;

(C) in Schedule III-9%,-

(i) in S.No. 16, in column (3), for the words "other than pizza bread", the words, "other than pizza bread, khakhra, plain chapatti or roti", shall be substituted;

(ii) in S.No. 23, in column (3), for the words "preparations in ready for consumption form", the words, "preparations in ready for consumption form, khakhra", shall be substituted;

(iii) after S.No. 54 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely:-

"54A	3213	Poster colour" ;

(iv) in S.No. 63, for the entry in column (3), the entry, "Modelling pastes, including those put up for children's amusement; Preparations known as "dental wax" or as "dental impression compounds", put up in sets, in packings for retail sale or in plates, horseshoe shapes, sticks or similar forms; other preparations for use in dentistry, with a basis of plaster (of calcined gypsum or calcium sulphate)", shall be substituted;

(v) S.No. 102 and the entries relating thereto, shall be omitted;

(vi) in S.No. 114, in column (3), for the words and brackets "Waste, parings and scrap of rubber (other than hard rubber) and powders and granules obtained therefrom", the words and brackets "powders and granules obtained from waste, parings and scrap of rubber (other than hard rubber)" shall be substituted;

(vii) S.No. 158 and entries related thereto shall be omitted;

(viii) in S.No. 159,for the entry in column (3), the entry "All goods other than synthetic filament yarns", shall be substituted;

(ix) in S.No. 160, for the entry in column (3), the entry "All goods other than artificial filament yarns", shall be substituted;

(x) S.No. 164 and entries related thereto shall be omitted;

(xi) S. No. 165 and entries related thereto shall be omitted;

(xii) after S.No. 177 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"177A	6802	All goods other than:- (i) all goods of marble and granite; (ii) Statues, statuettes, pedestals; high or low reliefs, crosses, figures of animals, bowls, vases, cups, cachou boxes, writing sets, ashtrays, paper weights, artificial fruit and foliage, etc.; other ornamentai goods essentially of stone" ;

(xiii) in S.No. 188, and entries relating thereto, shall be omitted;

(xiv) after S.No. 303 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"303A	8305	Fittings for loose-leaf binders or files, letter clips, letter corners, paper clips, indexing tags and similar office articles, of base metal; staples in strips (for example, for offices, upholstery, packaging), of base metal" ;

(xv) after S.No. 308 and the entries relating thereto, the following serial numbers and entries shall be inserted, namely: -

"308A	84	Parts suitable for use solely or principally with fixed Speed Diesel Engines of power not exceeding 15HP
308B	84 or 85	Parts suitable for use solely or principally with power driven pumps primarily designed for handling water, namely, centrifugal pumps(horizontal and vertical), deep tube-well turbine pumps, submersible pumps, axial flow and mixed flow vertical pumps";

(xvi) after S.No. 369 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"369A	8483	Plain shaft bearings" ;

(D) in Schedule-IV-14%, -

(i) in S.No. 23, in column (3), for the words, "pans or in similar forms or packings", the words and brackets, "pans or in similar forms or packings [other than poster colour]", shall be substituted;

(ii) S.No. 34 and entries related thereto shall be omitted;

(iii) in S.No. 50, in column (3), for the words "including waste and scrap", the words, "other than waste and scrap", shall be substituted;

(iv) in S.No. 70, for the entry in column (3), the following entry shall be substituted namely: -
"All goods of marble or granite [other than Statues, statuettes, pedestals; high or low reliefs, crosses, figures of animals, bowls, vases, cups, cachou boxes, writing sets, ashtrays, paper weights, artificial fruit and foliage, etc.; other ornamental goods essentially of stone]";
(v) S.No. 112 and the entries relating thereto, shall be omitted;
(vi) in S.No. 135, in column (3), the words, "and plain shaft bearings", shall be omitted;

(E) in ANNEXURE, after point (b), the following proviso shall be inserted
"Provided that, if the person having an actionable claim or enforceable right on a brand name and the person undertaking packing of such goods in unit containers are two different persons, then the person having an actionable claim or enforceable right on a brand name shall file an affidavit to that effect with the **jurisdictional Commissioner of State tax** of the person undertaking packing of such goods that he is voluntarily foregoing his actionable claim or enforceable right on such brand name as defined in Explanation (ii)(a); and he has authorised the person [undertaking packing of such goods in unit containers bearing said brand name] to print on such unit containers in indelible ink, both in English and the local language, that in respect of such brand name he [the person owning the brand name] is voluntarily foregoing the actionable claim or enforceable right voluntarily on such brand name."

2. This notification shall deemed to come into force from 13th day of October, 2017.

अधिसूचना

23 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 981/2017/9(120)/XXVII(8)/2017–चूँकि, राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है;

अतएव, अब, राज्यपाल, उत्तराखण्ड माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) की धारा 11 की उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशो के आधार पर, उत्तराखण्ड शासन, वित्त अनुभाग-8 की अधिसूचना सं. 518/2017 /9(120)/XXVII(8)/2017 दिनांक 29 जून, 2017 में निम्नलिखित संशोधन करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, अर्थात् –

1. उक्त अधिसूचना में,

(क) सारणी में,

(i) क्रम संख्या 122 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात निम्नलिखित को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"122-क	4907	इक्यूटी क्रेडिट स्क्रिप्स"

(ii) क्रम संख्या 149 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात निम्नलिखित को अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

"150	-	केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, संघ राज्य क्षेत्र या स्थानीय निकाय, जैसी भी स्थिति हो, से अनुदान के रूप में प्राप्त प्रतिफल के एवज में, केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, संघ राज्य क्षेत्र, स्थानीय निकाय या ऐसे किसी व्यक्ति, जिसे केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, संघ राज्य क्षेत्र या स्थानीय निकाय द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया हो, को किसी सरकारी निकाय द्वारा की जाने वाली वस्तुओं की आपूर्ति।"

(ख) स्पष्टीकरण में, खंड (पांच) के बाद निम्नलिखित खंड अंतस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

"(छः) वाक्य "सरकारी निकाय" से अभिप्राय किसी ऐसे प्राधिकरण या बोर्ड या अन्य किसी निकाय जिसमें सोसायटी, ट्रस्ट, निगम भी आते हैं, जोकि;

(क) संसद या राज्य विधान मंडल के किसी अधिनियम;

(ख) किसी सरकार द्वारा किया गया;

और जिसमें साम्या या नियंत्रण के माध्यम से 90 प्रतिशत या इससे अधिक की भागीदारी हो और जिसका काम केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, संघ राज्य क्षेत्र या स्थानीय प्राधिकरण के द्वारा सौंपे गए कार्यों को पूरा करना है।"

(ग) अनुबंध I में, (ख) के पश्चात निम्नलिखित को अंतःस्थापित किया जाएगा:-

" बशर्ते कि, यदि ब्राण्ड नेम पर कार्यवाही किए जाने के लिए दावा या प्रवर्तनीय अधिकार रखने वाला व्यक्ति और यूनिट कंटेनरों में ऐसे माल को पैक करने वाले दो अलग-अलग व्यक्ति है तो वह व्यक्ति जो कि ब्राण्ड नेम पर दावा कर सकता है या जिसका प्रवर्तनीय अधिकार है ऐसे माल की पैकिंग करने वाले व्यक्ति के क्षेत्राधिकार वाले राज्य कर आयुक्त के पास इस आशय का शपथ पत्र जमा करेगा की वह स्पष्टीकरण (ii)(क) में यथा परिभाषित ऐसे ब्राण्ड नेम पर अपने कार्यवाही योग्य दावे या प्रवर्तनीय अधिकार का स्वेच्छा से परित्याग करता है; और उसने उस व्यक्ति [जो कि ऐसे यूनिट कंटेनरों में ऐसे ब्राण्ड नेम वाले माल की पैकिंग करता है] को इस बात के लिए प्राधिकृत करता है कि वह ऐसे यूनिट कंटेनरों पर अंग्रेजी और स्थानीय दोनों भाषाओं में तथा न मिटने वाली स्याही से यह मुद्रित कर सकेगा कि ऐसे ब्राण्ड नेम पर वह [जिसके पास ब्राण्ड नेम का अधिकार होगा] ऐसे ब्राण्ड नेम पर कार्यवाही योग्य दावे या प्रवर्तनीय अधिकार का स्वेच्छा से परित्याग कर रहा है। "

2. यह अधिसूचना दिनांक 13 अक्टूबर, 2017 से प्रवृत्त समझी जाएगी ।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 981/2017/9(120)/XXVII(8)/2017, Dehradun, dated November 23, 2017** for general information:

NOTIFICATION

November 23, 2017

No. 981/2017/9(120)/XXVII(8)/2017--WHEREAS, the State Government is satisfied that it is expedient so to do in public interest;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 11 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (06 of 2017), on the recommendations of the Council, the Governor is pleased to allow to make the following amendments in the notification of the Government of Uttarakhand, Finance Section-8, No. 518/2017/9(120)/ XXVII(8)/2017 Dated 29 June, 2017, namely:-

1. In the said notification,-

(A) in the Schedule,-

(i) after S. No. 122 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"122A	4907	Duty Credit Scrips";

(ii) after S. No. 149 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

"150	-	Supply of goods by a Government entity to Central Government, State Government, Union territory, local authority or any person specified by Central Government, State Government, Union territory or local authority, against consideration received from Central Government, State Government, Union territory or local authority in the form of grants";

(B) in the *Explanation*, after clause (v), the following clause shall be inserted, namely:-

"(vi) The phrase "Government Entity" shall mean an authority or a board or any other body including a society, trust, corporation, which is:

(a) set up by an Act of Parliament or State Legislature; or

(b) established by any Government,

with 90 percent or more participation by way of equity or control, to carry out a function entrusted by the Central Government, State government, Union territory or a local authority.".

(C) in ANNEXURE I, after point (b), the following proviso shall be inserted

"Provided that, if the person having an actionable claim or enforceable right on a brand name and the person undertaking packing of such goods in unit containers are two different persons, then the person having an actionable claim or enforceable right on a brand name shall file an affidavit to that effect with the jurisdictional Commissioner of State tax of the person undertaking packing of such goods that he is voluntarily foregoing his actionable claim or enforceable right on such brand name as defined in Explanation (ii)(a); and he has authorised the person [undertaking packing of such goods in unit containers bearing said brand name] to print on such unit containers in indelible ink, both in English and the local language, that in respect of such brand name he [the person owning the brand name] is voluntarily foregoing the actionable claim or enforceable right voluntarily on such brand name."

2. This notification shall deemed to come into force from 13th day of October, 2017.

अधिसूचना

23 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 982/2017/9(120)/XXVII(8)/2017–चूँकि, राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है;

अतएव, अब, राज्यपाल, उत्तराखण्ड माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) की धारा 9 की उपधारा (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों के आधार पर, उत्तराखण्ड शासन, वित अनुभाग-8 की अधिसूचना सं. 515/2017/9(120)/ XXVII(8)/2017 दिनांक 29 जून, 2017 में निम्नलिखित संशोधन करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं, अर्थात्:-

1. उक्त अधिसूचना में, -

(i) क्रम संख्या 5 के बाद और उससे संबंधित प्रविष्टियों के पश्चात निम्नलिखित प्रविष्टि को अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात्:-

सारणी

क्रम सं0	टैरिफ मद, उपशीर्ष, शीर्ष या अध्याय	माल की पूर्ति का विवरण	माल का पूर्तिकार	पूर्ति का प्राप्तिकर्ता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
"6	कोई अध्याय	इस्तेमाल किए गए वाहन, जब्त की गई वस्तु, पुरानी और प्रयुक्त माल, अपशिष्ट और स्क्रैप	केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, संघ राज्य क्षेत्र या स्थानीय प्राधिकरण	कोई रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति"

2. यह अधिसूचना दिनांक 13 अक्टूबर, 2017 से प्रवृत्त समझी जाएगी ।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of the **Notification No. 982/2017/9(120)/ XXVII(8)/2017,** Dehradun, dated November 23, 2017 for general information:

NOTIFICATION

November 23, 2017

No. 982/2017/9(120)/XXVII(8)/2017--WHEREAS, the State Government is satisfied that it is expedient so to do in public interest;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (3) of section 9 of the Uttarakhand Goods and Services Tax Act, 2017 (06 of 2017), on the recommendations of the Council, the Governor is pleased to allow to make the following amendment in the notification of the Government of Uttarakhand, Finance Section-8, No. 515/2017/9(120)/ XXVII(8)/2017 Dated 29 June, 2017, namely:-

1. In the said notification,-

(i) after S.No. 5 and the entries relating thereto, the following serial number and the entries shall be inserted, namely: -

TABLE

Sl. No.	Tariff item, sub-heading, heading or Chapter	Description of Supply of Goods	Supplier of goods	Recipient of supply
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
6.	Any Chapter	Used vehicles, seized and confiscated goods, old and used goods, waste and scrap	Central Government, State Government, Union territory or a local authority	Any registered person

2. This notification shall deemed to come into force from 13th day of October, 2017.

अधिसूचना

23 नवम्बर, 2017 ई0

संख्या 983/2017/9(120)/XXVII(8)/2017–चूँकि, राज्य सरकार का समाधान हो गया है कि लोक हित में ऐसा करना समीचीन है;

अतएव, अब, राज्यपाल, उत्तराखण्ड माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 06) की धारा 10 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों पर, उत्तराखण्ड शासन, वित्त अनुभाग-8 की अधिसूचना सं. 513/2017/9(120)/XXVII(8)/2017 दिनांक 29 जून, 2017 में निम्नलिखित संशोधन करने की सदर्भ स्वीकृति प्रदान करते हैं, अर्थात्:-

1. उक्त अधिसूचना में, -

शब्द "पचहत्तर लाख रूपये" के स्थान पर "एक करोड़ रूपये" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

